INDIAN SCHOOL MUSCAT
MIDDLE SECTION

Subject: Hindi (Second Language) **Worksheet No: 04**
Date of Issue: __- __-19 **Signature of Teacher:**
Topic: कारक-भेद

Name ………………………….……..….. Roll No. ……….. Class7& Sec …….

कारक-भेद	परसर्ग/विभक्ति-चिह्न
कर्ता	ने
कर्म	को
करण	से, के द्वारा
संप्रदान	को, के लिए
अपादान	से
संबंध	का, के, की
अधिकरण	में, पर
संबोधन	हे! अरे!

प्रश्न क. निम्नलिखित गद्यांश को उचित कारक-चिह्नों से पूरा कीजिए।

जो समय ______ नष्ट करता है, समय उसे नष्ट कर देता है। समय ______ सदुपयोग करने ______ असफलता ______ सामना नहीं करना पड़ता और सारे कार्य सही ढंग ______ होने लगते हैं। यहाँ तक कि धरती, सूरज, चाँद, तारे सभी समय ______ पालन करते हैं। इसलिए आइए! हम सब भी समय ______ महत्व ______ समझें और अपने सारे कार्य, समय ______ पूरे करने ______ कोशिश करें। हमारी यही कोशिश, जीवन ______ हमें एक कामयाब और सफल इंसान बनाएगी।

प्रश्न ख. रेखांकित शब्दों में प्रयुक्त कारक-भेदों के नाम लिखिए।

1. आज नेता जी भाषण देने वाले हैं। ____________________

2. उसने चाकू से फल काटे। ____________________

3. मोना ने मीना को पुस्तक दी थी। ____________________

4. दादा जी मेरे लिए मिठाइयाँ लाए। ______________________

5. विद्यार्थी गुरु जी से डरते हैं। ______________________

6. अरे भाई! इधर तो आओ। ______________________

7. सभी पक्षी लोहे की जाली में बंद थे। ______________________

8. कल तनु का पत्र मिला। ______________________

9. चिड़िया ने तिनकों से अपना घोंसला बनाया। ______________________

10. सौरभ का भाई सीढ़ियों से गिर गया। ______________________

11. पंडित जी ने बड़े प्रेम से भोजन किया है। ______________________

12. हे राजन! वह भिखारी चलने में असमर्थ है। ______________________

प्रश्न ग. निम्नलिखित वाक्यों की अशुद्ध विभक्तियाँ शुद्ध करके फिर से लिखिए।

1. पेड़ को फल तोड़ लाओ।
____

2. सुरीता को आँखों के जाँच को पास से अस्पताल पर ले गए।
____

3. विद्यालय में लौटकर महेश चाचा जी को कमरे से मिलने गया।
____

4. लड़कियों के उत्साह देखते ही बनता है।
____

5. हमें बड़ों के द्वारा आदर करना चाहिए।
____

****